**अनदेखी** क्या बड़ी दुर्घटना के बाद टूटेगी नींद, लापरवाही का जिम्मेदार कौन? मौत का सफर करने मजबूर ग्रामीण

# सवारी वाहन यातायात नियमों की खुलेआम उड़ा रहे धज्जियां



**अमरपुर नवभारत 10 मई।** अमरपुर जनपद मुख्यालय से लेकर दूरदराज के ग्रामीण अंचलों तक दौड़ रहे ऑटो, टैक्सी और तूफान वाहन इन दिनों यात्रियों की जिंदगी के लिए खतरा बनते नजर आ रहे हैं। सड़क पर फर्राटा भरते इन सवारी वाहनों में यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

क्षमता से अधिक सवारियां बैठाना, वाहन की छतों तक यात्रियों को बैठाकर सफर कराना, बिना फिटनेस और बिना वैध दस्तावेज के वाहन संचालन करना अब आम बात हो चुकी है। सबसे बड़ी बात यह है कि इन सबके बावजूद जिम्मेदार विभाग कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति करते नजर आते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से निकलकर सामने आने वाली तस्वीरें किसी भी व्यक्ति के रोंगटे खड़े कर देने के लिए काफी हैं। सवाल यह है कि आखिर यात्रियों की जिंदगी के साथ खुलेआम हो रहे इस खिलवाड़ का जिम्मेदार कौन है?

**पहले भी कई सड़क हादसे हो चुके हैं**

डिंडोरी जिले में पहले भी कई सड़क हादसे सामने आ चुके हैं, जिनमें ओवरलोडिंग और लापरवाही मुख्य कारण बनकर सामने आई है। कई परिवार इन हादसों में अपनों को खो चुके हैं, लेकिन लगता है कि जिम्मेदार विभागों ने अब तक उन घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया। ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर तेज रफ्तार और ओवरलोड वाहन कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।

### ऑटो, टैक्सी और तूफान वाहन हो रहे संचालित

अमरपुर जनपद मुख्यालय से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ऑटो, टैक्सी और तूफान वाहन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संचालित होते हैं। इन वाहनों में यात्रा करने वाले अधिकांश लोग ग्रामीण अंचलों के गरीब और जरूरतमंद यात्री होते हैं, जिन्हें मजबूरी में इन्हीं साधनों का सहारा लेना पड़ता है, लेकिन इन यात्रियों की सुरक्षा को लेकर वाहन चालक और जिम्मेदार विभाग दोनों ही गंभीर नजर नहीं आते।

### वाहन की छत पर बैठाकर करा रहे सफर

तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि छोटे ऑटो और टैक्सी वाहनों में क्षमता से कई गुना अधिक यात्रियों को बैठाया जा रहा है। इतना ही नहीं कई बार यात्रियों को वाहन की छत पर बैठाकर सफर कराया जाता है। यातायात नियमों के अनुसार प्रत्येक वाहन में निर्धारित सीट क्षमता से अधिक सवारी बैठाना कानूनन अपराध है, लेकिन जिले में यह नियम केवल कागजों तक सीमित दिखाई देता है।

### वाहनों के दस्तावेज पूर्ण नहीं

जानकार सूत्रों की माने तो जिले में ऐसे कई वाहन संचालित हो रहे हैं, जिनके दस्तावेज आज तक पूर्ण नहीं हैं। कई वाहनों की फिटनेस समाप्त हो चुकी है, तो कई बिना परमिट के ही सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इतना ही नहीं कुछ वाहन चालकों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं होने की बात सामने आती रही है। इसके बावजूद यह वाहन बेखौफ होकर सड़कों पर यात्रियों को ढोते नजर आते हैं।

### सड़क पर दौड़ रहे जर्जर वाहन

सवाल यह उठता है कि आखिर बिना जांच और बिना कार्रवाई के यह वाहन खुलेआम कैसे संचालित हो रहे हैं? क्या परिवहन विभाग और यातायात विभाग को इन व्यवस्थाओं की जानकारी नहीं है, या फिर सब कुछ जानकारी होने के बावजूद अनदेखा किया जा रहा है? ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले सवारी वाहनों की स्थिति इतनी खराब है कि कई वाहन जर्जर अवस्था में सड़क पर दौड़ते नजर आते हैं।

### नहीं हो रहा नियमों का पालन

सवाल यह भी उठता है कि आखिर इन वाहनों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती? क्या जिम्मेदार विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं? मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों का पालन कराने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की होती है, लेकिन जिले में नियमों का पालन होता नजर नहीं आता।

**इनका कहना है**

ग्रामीण क्षेत्र में बहुत ज्यादा ओवरलोड वाहन चलते हैं। बच्चे और महिलाएं तक छत पर बैठकर सफर करती हैं। प्रशासन को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

**स्थानीय नागरिक अमरपुर**

मजबूरी में सफर करना पड़ता है। कई बार वाहन इतने भरे रहते हैं कि बैठने तक की जगह नहीं मिलती, लेकिन गांव जाने के लिए दूसरा साधन नहीं होता।

**तूफान वाहन यात्री**

समय-समय पर नियमानुसार कार्यवाही की जाती है, साथ ही वाहन चालकों को समझाया जाता है कि वाहन से संबंधित दस्तावेज साथ लेकर चले। यातायात नियमों का पालन करें। जो जानकारी आपके द्वारा उपलब्ध कराई गई है एवं नियम विरुद्ध चलने वाले वाहन पर कार्यवाही की जाएगी।

**संतोष यादव, अमरपुर चौकी प्रभारी**



# प्रेम व भक्ति से जुड़ा था श्रीकृष्ण का जीवन : पांडे

**श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में उमड़ रहे भक्त**

**नौरोजाबाद नवभारत 10 मई।** नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन से 3 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत निपानिया में बैकुंठवासी भगवानदीन सिंह राजपूत के वार्षिक पुण्ड स्मृति में अजय सिंह (भोलू) के गृह निवास में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण 5 से 12 मई तक श्रीमद भागवत कथा वाचन प्रतापगढ़ के राम शिरोमणि पांडे द्वारा किया जा रहा है।

कथा में उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन केवल धर्म स्थापना और युद्ध विजय तक सीमित नहीं था, बल्कि यह प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से भी जुड़ा हुआ था। उनके जीवन की अनेक लीलाओं में से एक सबसे महत्वपूर्ण घटना थी रुक्मिणी विवाह। यह केवल एक राजकुमारी और एक राजकुमार का विवाह नहीं था, बल्कि यह सच्चे प्रेम, भक्ति और समर्पण की विजय की कहानी है।

### रुक्मी ने विवाह रोकने का प्रयास किया

रुक्मिणी ने भगवान श्रीकृष्ण को मन, वचन और कर्म से अपना पति मान लिया था, लेकिन उनके भाई रुक्मी ने उनके विवाह को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया। फिर भी, जब प्रेम सच्चा हो और भक्ति अडिग हो, तो स्वयं भगवान उसे सफल बनाते हैं। यही सिद्धांत इस कथा का मूल है।

# वेतन नहीं मिलने से आर्थिक संकट, संविदा स्वास्थ्य कर्मी परेशान



**ढीमरखेड़ा क्षेत्र के दशरमन ग्राम पंचायत के ग्रामीण परेशान**

**नवभारत, रीठी।** जिले की रीठी तहसील क्षेत्र में कार्यरत मैदानी संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को पिछले दो महीनों से वेतन नहीं मिला है। लगातार फील्ड में काम करने के बावजूद भुगतान न होने से अब कर्मियों के सामने आर्थिक संकट गहराने लगा है। रीठी तहसील मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि वे तपती धूप हो या बारिश, हर परिस्थिति में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद बीते दो महीनों से वेतन नहीं मिलने से उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। हम लगातार फील्ड में काम कर रहे हैं, लेकिन दो महीने से वेतन नहीं मिला। घर चलाना मुश्किल हो गया है। राशन और जरूरी खर्चों के लिए उधार लेना पड़ रहा है। कर्मियों का कहना है कि समय पर वेतन नहीं मिलने से रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी कठिन हो गया है। कई कर्मचारियों ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च और अन्य जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। सरकार और विभाग से हमारी मांग है कि जल्द से जल्द लंबित वेतन जारी किया जाए ताकि हम आर्थिक परेशानी से बाहर निकल सकें। स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी संभाल रहे ये संविदा कर्मी अब खुद आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

# बचहा विद्यालय के प्रभारी ने नियमों की अवहेलना की

**गरीब परिवार कन्याओं के लिए परिसर क्यों नहीं? विद्यालय परिसर में तिलकोत्सव किया गया आयोजित**



**चिल्हारी नवभारत 10 मई।** जिले के मानपुर विकासखंड के शासकीय माध्यमिक विद्यालय बचहा के हेडमास्टर द्वारा शासकीय नियमों को तार-तार करते हुए विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल दिखा।

ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि विद्यालय के हेडमास्टर दयाराम प्रजापति द्वारा अपने विद्यालय परिसर के अंदर ही रामसुजन कुशवाहा के पुत्र संजय कुशवाहा के तिलकोत्सव का मंच सजाकर 8 मई को तिलकोत्सव आयोजित किया गया, जबकि शासकीय विद्यालय को विवाह या तिलकोत्सव सहित अन्य किसी समारोह के लिए नहीं देने का सभी विद्यालयों को स्पष्ट आदेश दिया गया था।

**अमरपुर के प्रभारी ने तैयार किया फर्जी पंचनामा**

ग्रामीणों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को फोन के माध्यम से इसकी सूचना दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भेजे गए जन शिक्षा केंद्र अधिकारी मार्को द्वारा 9 मई की हेडमास्टर के दबंगई के आगे फर्जी पंचनामा तैयार किया गया और कार्यवाही के नाम पर, सफाई देते घूम रहे है, जबकि वीडियो में स्पष्ट दिखाई देता है कि विद्यालय परिसर के अंदर से बाहर तक जश्न का माहौल है।

### निजी व्यक्ति को विद्यालय का पूरा परिसर सौंप दिया

शासकीय माध्यमिक विद्यालय बचहा के प्रभारी ने नियम व निर्देशों का पालन नहीं किया। बताया गया कि विद्यालय के हेडमास्टर द्वारा नियम को दरकिनार करते हुए निजी व्यक्ति को विद्यालय सहित पूरा परिसर सौंप दिया गया, जबकि इन्हीं हेडमास्टर से ग्राम की कन्या के विवाह हेतु परिसर की मांग की गई तो नियम कानून का हवाला देते हुए विद्यालय परिसर देने से स्पष्ट मना कर दिया गया।


**इनका कहना है**

मैं बाहर हूं। मुझे इस मामले की जानकारी नही है। मेरे द्वारा रूपमंगल सिंह को प्रभार दिया गया है, वहीं रूपमंगल सिंह से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि मेरे को विद्यालय परिसर में हो रहे समारोह की जानकारी नही थी, मुझे बाद में पता चला।

**दयाराम प्रजापति, हेडमास्टर, शासकीय माध्यमिक विद्यालय बचहा**

# नगर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए : रीना सिंह

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2027 की तैयारियों में जुटी नगर परिषद, सीएमओ ने ली समीक्षा बैठक**



**शहपुरा नवभारत 10 मई।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2027 के अंतर्गत केंद्रीय टीम के संभावित जमीनी निरीक्षण को देखते हुए नगर परिषद शहपुरा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में नगर परिषद कार्यालय में मुख्य नगर परिषद अधिकारी (सीएमओ) रीना सिंह राठौर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में स्वच्छता व्यवस्था, कचरा प्रबंधन एवं सर्वेक्षण से संबंधित तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सीएमओ रीना सिंह राठौर ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सफाई संरक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्रीय टीम कभी भी नगर का निरीक्षण करने पहुंच सकती है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। उन्होंने नगर के मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों एवं गलियों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### दस्तावेज समय पर अपडेट किए जाएं

सीएमओ ने स्वच्छता सर्वेक्षण से जुड़े दस्तावेजों एवं पोर्टल पर अपलोड की जाने वाली जानकारी की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर अपडेट किए जाएं ताकि निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की कमी सामने नहीं आए। बैठक में नागरिक सहभागिता को भी महत्वपूर्ण बताया गया। आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं सर्वेक्षण के दौरान सकारात्मक फीडबैक देने के लिए प्रेरित करने पर चर्चा हुई।

### सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए

इसके अलावा गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा उसकी सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। सीएमओ रीना सिंह राठौर ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2027 में शहपुरा को बेहतर रैंकिंग दिलाने के लिए सभी कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। बैठक में नगर परिषद के विभागीय अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नर्मदा घाटों पर लगातार गूंज रहा स्वच्छता का संदेश

**मैया अभियान बना जनभागीदारी का प्रेरणास्रोत**




**डिंडोरी, नवभारत 10 मई।** जिला मुख्यालय में पिछले लगभग छह माह से निरंतर संचालित हो रहा 'मैया अभियान' अब केवल एक स्वच्छता कार्यक्रम भर नहीं रह गया है, बल्कि यह जनभागीदारी और सामाजिक जागरूकता का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा है। नर्मदा तट स्थित विभिन्न घाटों पर आयोजित इस अभियान में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन एक साथ श्रमदान कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। हर सप्ताह आयोजित होने वाले इस अभियान में बड़ी संख्या में लोग उत्साहपूर्वक शामिल होकर घाटों की साफ-सफाई करते हैं।

**स्वच्छता को लेकर सकारात्मक माहौल हुआ निर्मित**-अभियान का उद्देश्य केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। अभियान के चलते जिले में सकारात्मक माहौल निर्मित हुआ है और कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया स्वयं अभियान में शामिल होकर अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ श्रमदान करती नजर आती हैं। कलेक्टर द्वारा लगातार लोगों से 'स्वच्छ डिंडोरी, सुंदर डिंडोरी' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की जा रही है। सफाई अभियान के दौरान एसडीएम रामबाबू देवांगन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी, जनसंपर्क विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से नर्मदा घाटों की स्वच्छता के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता का भी सशक्त संदेश दिया जा रहा है।

# अजय सिंह के आगमन पर कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

**फूल-मालाओं, नारों और ढोल-नगाड़ों के साथ किया स्वागत**




**अमरपुर नवभारत 10 मई।** विकासखंड मुख्यालय अमरपुर में अजय सिंह के आगमन ने पूरे क्षेत्र का राजनीतिक माहौल गरमा दिया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अमरपुर द्वारा उनके स्वागत में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शहपुरा विधानसभा सहित जिलेभर से कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

शनिवार को आयोजित अति आवश्यक बैठक में कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर दिखाई दिया। जगह-जगह फूल-मालाओं, नारों और ढोल-नगाड़ों के साथ राहुल का आत्मीय अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम स्थल पूरी तरह से कांग्रेसमय नजर आया। आयोजित बैठक का नेतृत्व डिंडौरी विधायक व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह मरकाम द्वारा किया गया।

**कार्यकर्ताओं से किया सीधा संवाद**-इस दौरान अजय सिंह ने संगठनात्मक गतिविधियों की गहन समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता हैं।

**कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाए : सिंह**-इसके साथ ही श्री सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश भरते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। उनके संबोधन के दौरान कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर के पदाधिकारियों ने कहा कि कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।

**इनकी रही उपस्थिति**-बैठक में प्रमुख रूप से बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, शहपुरा के पूर्व विधायक भूपेंद्र मरावी, अध्यक्ष महेन्द्र सिंह ठाकुर, जिलाध्यक्ष अमन पाठक, जिलाध्यक्ष सरपंच संघ फूल सिंह मरकाम, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेमंत हरदहा, समस्या निवारक प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष तोक सिंह मरावी, ब्लॉक उपाध्यक्ष शकील अहमद, कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग विधानसभा अध्यक्ष देव सिंह भारती, ब्लॉक संगठन मंत्री शाहिद तुर्क, अमरपुर मंडलम अध्यक्ष संदीप शाह परस्ते आदि उपस्थित रहे।

**शिविर** मां नर्मदा तट पर 'आरोह-2026' की विशेष संडे एक्टिविटी आयोजित

# बच्चों के साथ नागरिकों ने भी लिया फिटनेस का संकल्प

**डिंडौरी, नवभारत 10 मई।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'आरोह-2026' ग्रीष्मकालीन शिविर के अंतर्गत रविवार को मां नर्मदा तट पर विशेष संडे एक्टिविटी का आयोजन किया गया।

5 मई से 5 जून तक संचालित इस समर कैंप में बच्चों, खिलाड़ियों, अभिभावकों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में एरोबिक्स, योग एवं सामूहिक फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के साथ उनके परिवारजनों और विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं में स्वास्थ्य, अनुशासन, सामुदायिक सहभागिता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।



### स्वस्थ शरीर, स्वस्थ समाज का दिया संदेश

कार्यक्रम के दौरान 'स्वस्थ शरीर, स्वस्थ समाज' का संदेश दिया गया। आयोजन में नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मोहम्मद अहमद खान, चेतराम अहिरवार, आरती सोंधिया, सुनीता, लक्ष्मी बनावल, राजकुमार, आयुष अधिकारी डॉ. समीक्षा सहित नगर पालिका स्टाफ एवं खेल प्रेमियों का विशेष सहयोग रहा। एरोबिक प्रशिक्षण आदर्श परस्ते एवं प्रशिक्षकों की टीम द्वारा कराया गया।

### रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन जारी रहेगा

खेल विभाग ने जानकारी दी कि 'आरोह-2026' के अंतर्गत आगामी दिनों में भी खेल, योग, फिटनेस एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन जारी रहेगा। अगले रविवार 18 मई 2026 को प्रात: 7 बजे मां नर्मदा तट पर विशेष योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई है।